तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 8 दिसंबर 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

12 श्रीमद भागवत पुराण जीवन का दर्पण है : संत श्री निरंजन

10 देखरेख के अभाव में संजय नगर तालाब के ...


## खबर संक्षेप

### होर्डिंग टॉवर में फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**बालोद।** अपने मां की मृत्यु से दुखी युवक ने होर्डिंग टॉवर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जहां युवक के पास एक सुसाईड नोट भी पुलिस को प्राप्त हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चौरेल गुण्डरदेही निवासी चन्द्रभान विश्वकर्मा के मां का निधन 3 दिसंबर को हुआ था। जहां 5 दिसंबर को तीजनहावन व संपूर्ण कार्यक्रम हुआ। जिसके बाद युवक चंद्रभान ट्रेन से बैठकर दुर्ग आ गया। जहां उसने भिलाई सुपेला अंडरब्रिज के पास लगे होर्डिंग टॉवर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार चंद्रभान की जेब से सुसाइडल नोट मिला है। जिसमें मां के निधन का जिक्र किया है। युवक भिलाई में स्टेशनरी दुकान में काम करता था। घटना के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। सुसाइडल नोट में लिखा है कि वह अपनी मां के जाने से बहुत दुखी हो गया था और जिसके कारण उसने आत्महत्या की। मां के गुजर जाने से जिंदगी और भी कठिन लग रही है। इसलिए आत्मघाती कदम उठा रहा हुं।

### साइकिल और स्कूटी भिड़ंत में एक युवती घायल

**बालोद।** विपरीत दिशा से आ रहे मोटर साइकिल ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी चालक युवती घायल हो गई। जिसके बाद युवती की बहन ने मोटर साइकिल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 106(1), 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम देवरी भरकापारा थाना देवरी निवासी प्रियंका ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 04 दिसंबर की शाम को मेरी बडी बहन सीमा ठाकुर व रजभान सिंह ठाकुर स्कुटी क्रमांक सीजी 08 एएल 2378 में सवार होकर पसौद की ओर आ रहे, करीबन 06:25 बजे ग्राम भण्डेरा हथौद मोड के पास पहुंचे थे विपरीत दिशा से आ रही मोटर साइकिल सीजी 24 एस 4772 का चालक अपने मोटर साइकिल से स्कुटी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे स्कूटी में सवार मेरी बडी बहन सीमा ठाकुर व रजभान सिंह ठाकुर को चोंटे आया है, जिसे उपचार हेतु शासकीय अस्पताल देवरी ले गये हैं। मेरी बडी बहन सीमा ठाकुर के सिर, दाहिने पैर के जांघ व पंजा में तथा रजभान सिंह ठाकुर के सिर में चोंट आया था।

### चाकू लहराने वाला पकड़ाया, भेजा जेल

**भिलाई।** चाकू लहराने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दशहरा मैदान संजय नगर सुपेला में लोहे का चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा है। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम मिनीमाता चौक सुपेला निवासी राज कुमार देशलहरे बताया है।

# जंबूरी के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर के निर्देशन में हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशन में तथा अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक की अध्यक्षता में प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी के सफल आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया था।

इस बैठक में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद के जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला आयुक्त मधुलिका तिवारी, जिला सहायक आयुक्त हिमांशु मिश्रा, जिला सचिव केएल. गजेंद्र, डीओसी. द्वय नेम सिंह साहू एवं प्रेमलता चंद्राकर, जिला मीडिया प्रभारी मिलन सिंह सिन्हा, संतोष चौरसिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जंबूरी के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी के आयोजन की तैयारियां तेज हो गई है। यह आयोजन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर से राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव जितेन्द्र साहू तथा राज्य आयुक्त (रोवर) अशोक देशमुख के मार्गदर्शन में किया जाएगा। जंबूरी आयोजन को सफल, सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए सभी विभागों द्वारा समन्वय के साथ कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

## सभी विभागों द्वारा समन्वय के साथ कार्य प्रारंभ



### मंत्री गजेंद्र आज करेंगे राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी के लिए भूमिपूजन

**बालोद।** जिले मे होने वाले राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के लिए आज 8 दिसंबर को भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया है। जंबूरी ग्राम दुधली मे होगा। भूमि पूजन स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव करेंगे। समारोह दोपहर 1 बजे होगा। भूमि पूजन समारोह की अध्यक्षता मुख्य आयुक्त स्काउड एवं गाईड छ.ग. इन्द्रजीत सिंह खालसा करेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, जिला आयुक्त एवं गाईड बालोद, जन सेवक राकेश यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख विशिष्ट अतिथि होंगे। समारोह मे अन्य अतिथिगण एवं स्काउट गाईड के प्रदेश व जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। गजेन्द्र यादव भूमिपूजन समारोह के बाद दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट मे जंबूरी के आयोजन को लेकर जिला स्तर के अधिकारियो के साथ बैठक भी करेंगे।

## निर्णय

**27 वार्डों में बड़े बकायेदारों पर कुर्की-ताला बंदी की तैयारी**

# सालों से बकाया टैक्स न चुकाने वालों पर अब होगी कार्रवाई : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर पालिका दल्ली-राजहरा अब पूरी तरह एक्शन मोड में है। लंबे समय से गृहकर, जलकर और व्यापारिक परिसर किराया नहीं चुकाने वाले बड़े बकायेदारों पर अब सख़्त कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। राजस्व वसूली में लगातार आ रही गिरावट के बाद प्रशासन ने कठोर कदम उठाने का निर्णय लिया है।

### 27 वार्डों में सघन जांच-बड़े बकायेदारों की सूची तैयार

नगर पालिका क्षेत्र के 27 वार्डों में जनसंख्या 44,363 है। इनमें से बड़ी संख्या में ऐसे मकान, दुकान एवं कॉम्प्लेक्स संचालक हैं, जिन्होंने वर्षों से प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं किया। नगर पालिका ने लगातार बिल नोटिस, डिमांड नोटिस और रिमाइंडर भेजे, लेकिन अधिकांश बकायेदारों ने कोई प्रतिक्रिया तक नहीं दी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर का बड़ा बयान:** मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने सख्त लहजे में कहा—राज्य शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि राजस्व वसूली शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। राजस्व कम होगा तो वेतन भुगतान, स्वच्छता कार्य, सड़क मरम्मत, पेयजल लाइन मेंटेनेंस जैसे विकास कार्य सीधे प्रभावित होंगे।

अब किसी भी कीमत पर बकाया छोड़ने का समय समाप्त हो चुका है। उन्होंने आगे कहा—सभी बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर ली गई है। अंतिम मौका दिया जा रहा है—सहायक राजस्व निरीक्षक या वार्ड प्रभारी के पास तुरंत टैक्स जमा करें।

अन्यथा नाम सार्वजनिक किए जाएंगे और संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

नगर पालिका के राजस्व विभाग ने बताया—कई बकायेदार लाखों रुपये के टैक्स वर्षों से लंबित रखे हुए हैं। बार-बार नोटिस देने के बाद भी कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई। अब नियमों के तहत संपत्ति कुर्की, ताला बंदी और वसूली वारंट जैसी कार्रवाई अनिवार्य हो जाएगी।

## नगर पालिका का एक्शन मोड में

### जनहित के कार्य ठप न हों, इसलिए प्रशासन हुआ कठोर

नगर पालिका का कहना है कि राजस्व वसूली घटने से-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति,सड़क मरम्मत,स्ट्रीट लाइट मेंटेनेंस,कर्मचारी वेतन,जैसी मूलभूत सेवाओं पर असर पड़ रहा है। इसलिए बड़े डिफॉल्टरों पर अब कड़ी कार्रवाई के अलावा कोई विकल्प नहीं है।



# दो परिवार में गाली-गलौज और मारपीट, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- दीवार निर्माण को लेकर दो पड़ोसियों में विवाद

दो पड़ोसी मे दीवाल बनाने के नाम पर गाली गलौज व मारपीट हो गई। जिसके बाद दोनों पक्ष द्वारा एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमें पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वार्ड क्रमांक 05, शिकारी बाबा वार्ड राजहरा निवासी पुष्पा शर्मा ने पुलिस को बताया कि मेरा व विजय नोन्हारे का मकान लगा हुआ है, मैं अपने घर के जगह में उसके घर के दीवाल से सटाकर दीवाल बना रहा हूं, 03 दिसंबर को मेरे घर के दीवाल को मिस्त्री लोग बना रहे थे तभी सुबह 09.30 बजे विजय नोन्हारे, इंद्रा नोन्हारे हमारे पास आये और हमारे घर से चिपकाकर दीवाल क्यों बना रहे हो कहकर मुझे व मेरे पति प्रमोद शर्मा को गाली गलौज कर मुझे व मेरे पति को हाथ मुक्का से मारपीट किये हैं, बीच बचाव करने मेरी बेटी श्रृति शर्मा और बेटा श्रेयांश शर्मा आये तो उन्हे भी गाली गलौज कर धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किये हैं, मारपीट करने से मुझे हाथ, पैर व सिर में तथा मेरे पति के दाहिना हाथ व दोनो गाल व सिर मे चोट आया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वार्ड क्रमांक 05, 256 चौंक राजहरा निवासी इंद्रा नोन्हारे ने पुलिस को बताया कि मेरे घर से लगा हुआ प्रमोद शर्मा का मकान है, प्रमोद शर्मा मेरे घर के दीवाल से सटा कर सीढी बना रहा है, 03 दिसंबर को करीबन सुबह 09.15 बजे ठेकेदार ने मुझे बुलाया कि सीढी कैसे बनाना है आओ देख लो कहने पर मैं देखने के लिये गई तो प्रमोद शर्मा, पुष्पा ▶▶| शेष पेज 11 पर

# सुने मकान में सोनो चांदी और नकदी सहित 80 हजार की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- चोरों ने ताला तोड़कर दिया वारदात को अंजाम

अपने भाई की मृत्यु पर घर में ताला लगाकर गई महिला के घर सोनो चांदी व नगदी सहित 80 हजार की चोरी हो गई। पीड़ित महिला द्वारा चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया गया है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

आवास पारा डौण्डी निवासी हेमलता बंजारे ने पुलिस को बताया कि नगर पंचायत डौण्डी मे सफाई कर्मचारी का काम करती हूं। मै अपने नानी के पास आवास पारा मे प्रधान मंत्री आवास बना कर रहती हूं। 04 दिसंबर को दोपहर बड़ा भाई संतराम बंजारे की तबितय खराब है बताने पर मै पैदल बंधिया पारा डौण्डी जा रही थी बीच रास्ता मे छोटा भाई संतु बंजारे मिला जो मोटर सायकल से घर तक ले गया।

मां के घर मे कोई नहीं था तो मै घर का देख रेख कर रही थी रात्रि करीबन 10 बजे मेरा भाई संतराम बंजारे का स्वर्गवास होने की सूचना मिलने के समय बंधिया पारा डौण्डी मे थी। 05 दिसंबर को सुबह करीबन 08 बजे पैसे की जरूरत पड़ने पर मेरे छोटे भाई संतु बंजारे को घर का चाबी देकर घर मे रखे पैसे को लाने भेजी हूं भाई संतु बंजारे घर आवास पारा डौण्डी जाकर बताया कि घर का सामने का लोहे का दरवाजा में लगा ताला लगा था जिसे खोल कर घर अंदर गया तब देखा कि सामने दरवाजा का ताला नहीं लगा हुआ था उस दरवाजा को खोलकर अंदर गया तो अंदर जहां पेटी रखा हुआ है उस कमरे का ताला नहीं लगा हुआ था, कमरा अंदर आलमारी मे रखे बैग को भी पैसा निकालने के लिए देखा तो पैसा नहीं था, तब भाई संतु बंजारे ने मुझे फोन कर बोला कि घर मे ताला लगा था कि नहीं तब मै बोली कि घर के सामने और अंदर कमरा मे ताला लगा कर आई हूं बताने पर मै नानी सुरूज बाई के साथ आवास पारा डौण्डी के घर मे जाकर देखी तो घर के सामने का ताला एवं अंदर कमरे का ताला लगा हुआ नहीं था, आलमारी का ▶▶| शेष पेज 11 पर

### ट्रैक्टर की ठोकर से मोटर साइकिल चालक सहित दो घायल

**बालोद।** मोटर साइकिल के माध्यम से जा रहे दंपत्ति को ट्रैक्टर ने ठोकर मार दिया। जिसके बाद मोटर साइकिल चालक द्वारा ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया गया है। जिसमे पुलिस ने धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम चिखली वार्ड न 11 राजनांदगांव निवासी राणा प्रवीण गजभिये ने पुलिस को बताया कि 29 नवंबर को मेरी बेटी परी गजभिये का जन्म दिवस होने से उसका जन्म दिवस मानने अपने ससुराल ग्राम करहीभदर में अपने मोटर साइकिल सीजी 08 एवाई 0966 से आया थे, 30 नवंबर को ग्राम करहीभदर से धमतरी अपने मोटर साइकिल में मेरी पत्नी मनीषा गजभिये, दो बच्चो के साथ जा रहे थे, करीबन 10.30 बजे करहीभदर पेट्रोल पम्प के पास पहुचा था कि उसी समय अज्ञात ट्रेक्टर ट्राली के चालक द्वारा अपने ट्रेक्टर को चलाकर मेरे मोटर साइकिल के सामने से मोड दिया, ट्रेक्टर के अचानक मोडने से मेरा मोटर साइकिल ट्रेक्टर के सामने चक्का से टकरा गया। ▶▶| शेष पेज 11 पर

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## शिविर में ग्रामीण विकास और जागरूकता की पहल सराही गई

# धनेली में एनएसएस शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर




स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम धनेली में संपन्न हुआ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रें में निःस्वार्थ भाव से समाज सेवा, राष्ट्र सेवा, अनुशासन और देशभक्ति की भावना जागृत की भावना जागृत करता है। जो हमारे जीवन में बहुत काम आता है। स्वयं सेवकों द्वारा गांव में किए गए विभिन्न कार्यों जैसे स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बौद्धिक परिचिर्चा, ग्रामीण संपर्क के लिए प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. केएल रावटे ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए शिविर के गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी प्रदान की। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत धनेली बालमुकुंद निषाद, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गुरूर तोषण साहू, पूर्व सभापति जनपद पंचायत गुरूर राजश्री क्षत्रिय, कांग्रेस कमेटी सेक्टर प्रभारी गुरूर चंद्रप्रकाश अठभैया, सेवा निवृत्त राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक केआर साहू, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनेली टीएस साहू, उपसरपंच धनेली सतीश सोनवानी, अध्यक्ष ग्रामीण झरिया साहू समाज चिमनलाल साहू एवं ग्राम के समस्त पंचगण उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि द्वारा स्वयं सेवकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के बी प्रमाणपत्र धारी स्वयं सेवकों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ग्राम पंचायत की ओर से अतिथियों को प्रतीक चिन्ह एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय रासेयो इकाई द्वारा ग्राम पंचायत धनेली को स्वामी विवेकानंद का छायाचित्र भेंट किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो जीएस देवांगन के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। शिविर में सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोहन साहू, प्रो सुमन साहू, प्रो देवेन्द्र रात्रे, प्रो रोहित सोरी, शिविर नायक एवं नायिका प्रवीण कुमार, अलका, वरिष्ठ ▶▶| शेष पेज 11 पर

# अध्यक्षों ने संभाली कमान, भूपेश ने जनविरोधी नीतियों का विरोध करने दी नसीहत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कांग्रेस के तीनों जिला संगठनों के अध्यक्षों दुर्ग शहर धीरज बाकलीवाल, ग्रामीण राकेश ठाकुर और भिलाई से मुकेश चंद्राकर ने कमान संभाल ली है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने पदभार ग्रहण कराने के बाद कुर्सी पर बैठाया। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा और जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष वासुदेव चंद्राकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि की गई। भूपेश बघेल ने कहा कि संगठन सृजन के तहत जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के 2 वर्ष का कार्यकाल जनता को हिटलर और अंग्रेजों के शासन की याद दिला दी। पूरे प्रदेश की संपदा, संपत्ति, कारखाने अडानी, अंबानी को देने की साजिश हो रही है। प्रदेश नहीं देश में बड़ी बड़ी कंपनी, यहां तक देश की रक्षा के क्षेत्र में कई निर्माण के कार्य अडानी और अंबानी को दिए जा रहे है। राहुल गांधी और कांग्रेस देश को बेचने का हमेशा विरोध करती रही है और करती रहेगी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अपने जिले में संगठन को मजबूत करें सभी वरिष्ठ छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं को साथ लेकर भाजपा की जन विरोधी नीतियों का विरोध करें।

## पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज भी हुए शामिल, धीरज बाकलीवाल, राकेश ठाकुर और मुकेश चंद्राकर ने ग्रहण किया पदभार

### कार्यकर्ताओं की पसंद का अध्यक्ष मिला : बैज

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने का कांग्रेस के इतिहास में पहली बार हुआ है कि जिला अध्यक्ष का पद कार्यकर्ताओं की पसंद और राय से आलाकमान द्वारा चुना गया है। आगे कांग्रेस अब मजबूती के साथ जिला स्तर पर विधानसभा स्तर पर ब्लॉक स्तर पर बूथ स्तर पर भाजपा के तानाशाही, हिटलर शाही निर्णय, बिजली बिल बढ़ोतरी जमीन की गाइडलाइन की दर में बढ़ोतरी, किसानों के मुद्दे युवाओं के मुद्दे प्रदेश में बढ़ते अपराध के मुद्दों पर सड़क की लड़ाई लड़ेगी।





### जनता से जुड़े मुद्दे पर सड़क तक लड़ाई का लिया संकल्प

राकेश ठाकुर ने कहा कि जनता से जुड़े हर मुद्दे पर सड़क तक लड़ाई लड़ी जाएगी। इसके लिए हम सभी तैयारी हैं। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वरिष्ठ नेताओं ने अपना समर्थन देकर आज जो सम्मान मुझे दिया है, उसके लिए हृदय से सभी वरिष्ठ नेतागण और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं। मुकेश चंद्राकर ने दोबारा भिलाई शहर कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार से सभी वर्ग दुखी है। हमारा लक्ष्य आने वाले भिलाई निगम व विधानसभा 2028 में जिले की सभी सीटों पर कांग्रेस की जीत दिलाना है।

## खबर संक्षेप



### महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा ने किया बाबा साहेब को नमन

दुर्ग। संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर के 70 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर उनके तैल्य चित्र पर माल्यार्पण नमन किया गया। मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी, आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर, भाजपा जिला मंत्री गायत्री वर्मा उपस्थित रहे।
इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी ने कहा कि हर साल 6 दिसंबर को डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के लिए जाना जाता है। बाबासाहेब भारत के एक जाने-माने शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे।आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. आंबेडकर को भारतीय संविधान के जनक के रूप में भी जाना जाता था। संविधान बनाने और भारतीय समाज की सेवा में उनके योगदान के लिए बाबासाहेब को 1990 में भारत रत्न मिला। कार्यक्रम में जिला कार्यालय मंत्री सैयद आसिफ अली, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सोशल मीडिया जिला रजनीश श्रीवास्तव, एमआईसी मेंबर नीलेश अग्रवाल, जय श्री राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज अग्रवाल, बाबा ब्रह्म भट्ट, अमर भोई, आशुतोष मिलिंद, बीरू अवारे, ओम प्रकाश पांडेय, राहुल दीवान, कृष्ण निर्मलकर ,संतोष जयसवाल, विश्वजीत देशमुख, मनोहर यादव आदि मौजूद थे।

## प्रियदर्शनी परिसर : विकास की बाटजोह रहा स्लम एरिया, सफाई भी लचर

# देखरेख के अभाव में संजय नगर तालाब के अस्तित्व पर संकट, जर्जर सड़कें बनी पहचान

## मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा वार्ड-6, लोगों ने कहा- की जा रही अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 6 प्रियदर्शनीय परिसर दो हिस्सों में बंटा है और दोनों जगह एक जैसी समस्याएं दिखती हैं। गुरुनाथ अस्पताल के पास सर्विस रोड टूटी है, वेंकटेश्वर टाकीज के पास सड़क खस्ताहाल है, अंडरब्रिज के पास नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा के आसपास झाड़ियां उग आई हैं और जीई रोड किनारे का तालाब भी देखरेख के अभाव में खत्म होता नजर आ रहा है। स्थानीय लोग लंबे समय से मरम्मत और सफाई की मांग कर रहे हैं, लेकिन हालात में सुधार नहीं हुआ। सार्वजनिक जगहें उपेक्षा के शिकार है। इस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रियदर्शनीय परिसर में स्लम एरिया की सड़कें बेहद खराब है। बरसात के दिनों में लोगों को चलना मुश्किल हो जाता है। गुरुनाथ अस्पताल के पास की सर्विस रोड बदहाल है। गड्ढों की वजह से यहां रोजाना वाहनों को लड़खड़ाकर निकलना पड़ता है। पास से गुजरने वाले लोगों का कहना है कि सड़क बरसात में और भी खतरनाक हो जाती है, लेकिन मरम्मत की तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता। वेंकटेश्वर टाकीज के पास की सड़क भी लंबे समय से खराब है। यहां पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोग बताते हैं कि शिकायत कई बार की गई, लेकिन मौके पर सुधार की कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।





### नेताजी की प्रतिमा के आसपास झाड़ियां

अंडरब्रिज के पास स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा के आसपास भी हाल अच्छे नहीं हैं। प्रतिमा के चारों तरफ झाड़ी उग आई हैं। यह सिर्फ बदहाल सफाई का मामला नहीं, बल्कि उस जगह की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला दृश्य है। जीई रोड किनारे मौजूद तालाब की हालत भी चिंता का विषय है। पानी लगातार कम हो रहा है और सफाई के अभाव में तालाब अपनी पहचान खोता दिख रहा है। आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि पहले यह तालाब इलाके की खूबसूरती बढ़ाता था, लेकिन समय के साथ इसकी उपेक्षा होती गई। वार्ड 6 के निवासियों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों से समस्याओं से अवगत कराया गया है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।



### रोशनी नहीं होने से तालाब में असामाजिक तत्वों का डेरा

इस वार्ड में जीई रोड के किनारे स्थित तालाब कभी सुपेला क्षेत्र का शान हुआ करता था जो अब देखरेख के अभाव में कंडम बन गया है। तालाब में गंदगी की भरमार है। तालाब में रोशनी नहीं होने के कारण अंधेरे में डूबा रहता है। इस कारण शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। इस तालाब में दो हाईमास्ट लगा हुआ है लेकर रोशनी नहीं है। तालाब के प्रवेश द्वार में भी कार वाशिंग दुकान वालों का दिन भर कब्जा रहता है। प्रवेश द्वार के सामने ही मोटर साइकिल और चार पहिया वाहनों को धुलने का काम किया जाता है। इस दुकानदारों पर पहले भी कार्रवाई हो चुकी है।

### स्लम एरिया के लोग ज्यादा परेशान

वार्ड 6 के पार्षद रविशंकर कुर्रे ने बताया कि जर्जर सड़क के कारण स्लम एरिया के लोग काफी परेशान है। जिस प्रकार निगम आयुक्त और महापौर दूसरे वार्डों का निरीक्षण करते है, उसी प्रकार कभी इस वार्ड में भी भ्रमण करें। प्रियदर्शनीय वार्ड एक बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है। मेन पॉवर की कमी के कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जीई रोड के उस पार प्रियदर्शनी नगर में सड़कों के लिए 9 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है जबकि स्लम एरिया जहां की सड़कें सबसे ज्यादा जर्जर है वहां मात्र 17 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। तालाब में दो हाईमास्ट लगे हुए है, लेकिन उसमें लाइट नहीं जलता। कई बार नगर निगम को आवेदन देकर इसे चालू करने की मांग की गई है, लेकिन तालाब अब तक रोशन नहीं हो पाया।

## धान खरीदी को लेकर परेशानियों के विरोध में 10 को किसान करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

भारतीय किसान संघ विभिन्न मांगों को लकर 10 दिसंबर को कलेक्ट्रेट का घेराव करेगा। सुबह 11 बजे राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग में सभा के बाद किसान कलेक्ट्रेट की ओर कूच करेंगे।

तहसील अध्यक्ष भारतीय किसान संघ के दुर्ग तहसील अध्यक्ष भागवतराम पटेल ने बताया कि सेवा सहकारी समितियों में धान खरीदी की मात्रा प्रतिदिन के हिसाब से बढ़ाए जाने, समितियों से धान का परिवहन प्रारंभ करने, धान बिक्री के लिए टोकन जो कि तुंहर टोकन एप एवं समितियों द्वारा काटा जाता है उसे 70%-30% के स्थान पर 50-50% करने, गिरदावरी रिपोर्ट में गड़बड़ी, रकबा कटौती, पंजीयन में त्रुटि या अन्य किसी प्रकार की राजस्व या समिति स्तर की समस्या जिसके कारण किसानों को धान बेचने में समस्या आ रही हो उनका निपटारा समिति स्तर पर ने, कलेक्टर द्वारा समितियों में धान तौलाई में बोरे के साथ 40.700 किलो ग्राम का लिखित आदेश करने, धान बिक्री हेतु टोकन की संख्या जो कि वर्तमान में 2 एकड़ तक 1 बार, 2 से 10 एकड़ तक 2 बार एवं 10 एकड़ से ऊपर तीन बार है को बढ़ाकर 2 एकड़ तक दो बार, 2 से 10 एकड़ तक 3 बार एवं 10 एकड़ से ऊपर प्रति 5 एकड़ में एक टोकन बढ़ाने, टोकन काटते समय लघु,सीमांत एवं दीर्घ की श्रेणी में ना बांटते हुए सभी को समान रूप से अवसर देने, पूर्ववर्ती सरकार के समय की धान के चौथी किस्त की राशि को तत्काल किसानों को प्रदान करने और मेड़ेसरा से धमतरी टावर लाइन की मुआवजा राशि प्रभावित किसानों को नई गाइडलाइन के अनुसार वितरित करने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### प्रतिबंधित काष्ठों का अवैध परिवहन पकड़ाया, वन विभाग ने किया जब्त

दुर्ग। जिले के धमधा एवं पाटन वृत्त में वन विभाग की विभागीय टीम, विभागीय अधिकारियों द्वारा निर्धारित रोस्टर एवं रात्रि गश्त के दौरान प्रतिबंधित काष्ठों का अवैध परिवहन किये जा रहे 5 वाहनों को पकड़कर जप्ती की कार्यवाही करते हुए वन अपराध पंजीबद्ध किया गया। 4 वाहनों, क्रमांक सीजी 4 जेसी 8048, सीजी 06 एम 0463, सीजी 07 सीए 1055, सीजी 07 सी. 7985 को जप्ती कर पाटन डिपो में रखा गया। एक वाहन सी.जी. 04 जे.डी. 7725 कुम्हारी डिपो में रखा गया है।डीएफओ दिपेश कपिल के अनुसार नियमानुसार अभियुक्तों से मुआवजा की राशि अधिरोपित करते हुए प्रतिबंधित काष्ठों को राजसात की कार्यवाही की जाएगी।

## मीडिएशन फॉर द नेशन 2.0 संबंधी बैठक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

उच्चतम न्यायालय की मीडिएशन एंड कांसिलेशन प्रोजेक्ट कमेटी द्वारा चलाए जा रहे मीडिएशन फॉर द नेशन 2.0 कार्यक्रम के तहत जिला न्यायालय के सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग ने की।

■ संवेदनशील और व्यावहारिक बनाने की दिशा में कदम

बैठक का मुख्य उद्देश्य था मीडिएशन मध्यस्थता की प्रक्रिया को आसान, मजबूत और लोगों के लिए अधिक उपयोगी बनाना, ताकि विवादों का जल्दी और सरल तरीके से समाधान हो सके। बैठक में मीडिएशन 2.0 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्णय लिए गए। इनमें प्रमुख रूप से मीडिएशन प्रक्रिया को पारदर्शी, समय पर और लोगों के लिए ज्यादा सुविधाजनक बनाने की योजना बनाई गई। पारिवारिक, सिविल, आपराधिक और अन्य मामलों में न्यायालयीन कार्यवाही से पहले मीडिएशन के माध्यम से समाधान खोजने पर जोर दिया गया। मध्यस्थों और परामर्शदाताओं को नई तकनीकों और तरीकों का प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया। लीगल एड डिफेंस काउंसिल, मध्यस्थ अधिवक्ताओं, परामर्शदाताओं और न्यायिक अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल बनाने पर सहमति बनी। मामलों को मध्यस्थता हेतु भेजने और उनके फॉलो-अप की प्रक्रिया को बेहतर और एक समान बनाने पर चर्चा हुई। मीडिएशन कक्षों और परामर्श सेवाओं को और सुविधाजनक बनाने का प्रस्ताव रखा गया। आम जनता में मीडिएशन के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे एक आसान व भरोसेमंद तरीका बताने पर जोर दिया गया।

बैठक के अंत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि मीडिएशन 2.0 न्याय व्यवस्था को अधिक मानवीय, संवेदनशील और व्यावहारिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और सभी अधिकारियों तथा अधिवक्ताओं को इसमें पूरा सहयोग देना चाहिए। जिला न्यायालय दुर्ग न्यायिक सेवाओं को लोगों के लिए और भी सरल, सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।इस बैठक में परिवार न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण, जिला न्यायालय के मध्यस्थ न्यायिक अधिकारीगण, स्थायी एवं जनोपयोगी लोक अदालत के अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, वरिष्ठ न्यायालय प्रबंधक, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अधिवक्तागण, मध्यस्थ अधिवक्ता तथा परामर्शदाता शामिल हुए।

### मृदा स्वास्थ्य कृषि में उपयोगिता विषय पर जागरुकता कार्यक्रम

दुर्ग। विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा द्वारा जिले के विकासखण्ड पाटन के ग्राम-चंगोरी में मृदा स्वास्थ्य कृषि में उपयोगिता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषकों को मृदा स्वास्थ्य जॉच की आवश्यकता क्यों है? खेतों में क्या-क्या फायदे है, कैसे किया जाता है और इसके जॉच की मृदा हेल्थ कार्ड का कैसे उपयोग किया जाता है इसकी विस्तृत जानकारी किसानों को दी गई। किसानों के खेत पर प्रायोगिक रूप से मृदा परीक्षण के लिए मिट्टी का नमूना कैसे लिया जाता है इसकी विस्तृत प्रायोगिक जानकारी दी गई। मृदा स्वास्थ्य पर मृदा वैज्ञानिक डॉ. ललिता रामटेके ने पूर्ण जानकारी प्रदान की।

## शौर्य दिवस पर निकाली मशाल रैली, बताया- विजय का क्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

हिंदू युवा मंच ने शौर्य (विजय संकल्प) दिवस का उत्सव मशाल रैली निकालकर मनाया। अयोध्या में श्रीरामचन्द्र के मंदिर का निर्माण भारतीय सभ्यता और हिंदू समाज के लिए एक ऐतिहासिक, आध्यात्मिक विजय का क्षण है। यह केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि सत्यमेव जयते की उस सनातन घोषणा का प्रमाण है, जो युगों से अन्याय पर न्याय, अधर्म पर धर्म की विजय की प्रेरणा देती आई है। श्रीराम मंदिर का उद्घाटन और उसके पश्चात मनाया जा रहा उत्साह हिंदू समाज में आत्मगौरव, एकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। इसी अमर तेज को आगे बढ़ाते हुए हिंदू युवा मंच द्वारा शनिवार की शाम 6 बजे से अग्रसेन चौक में शौर्य दिवस को विजय संकल्प दिवस के रूप में बड़े ही उत्साह, ऊर्जा और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम जयराम जय जय राम के सामूहिक उद्घोष के साथ हुई, जिसने वातावरण को प्रभु श्रीराम की दिव्य ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम प्रभारी राजा देवांगन के नेतृत्व में सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ। रैली के समापन उपरांत रामचंद्र की भव्य महाआरती आयोजित की गई, जिसमें सभी उपस्थित हिंदू युवा मंच के कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलित कर धर्म-संकल्प लिया। इस अवसर पर गोविंद राज नायडू, राजेश शर्मा, श्रीकुमार नायर, अरुण सिंह, दिनेश मिश्रा, अरुण अग्रवाल, भीम जैन, आशुतोष तिवारी, हरि जगबेड़ा, बलवंत सिंह राजपूत, वीरेंद्र सिंह, राहुल जैन सहित अन्य मौजूद थे।



## एसआईआर को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक

# 14 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का होगा प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर संबंधी कार्य के प्रगति के संबंध में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई।

■ महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की जानकारी की साझा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विरेन्द्र सिंह एवं राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पुनरीक्षण कार्य की प्रगति, संशोधित कार्यक्रम तथा महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की जानकारी साझा की गई।

मुख्य चुनाव आयुक्त, नई दिल्ली द्वारा 27 अक्टूबर को जारी निर्देशों के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम घर-घर मतदाता सत्यापन 11 दिसंबर, ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी 16 दिसंबर, आपत्ति एवं दावा अवधि 16 दिसंबर से 15 जनवरी, सुनवाई एवं सत्यापन 16 दिसंबर से 7 फरवरी, अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को जारी किया जाएगा।



### डिजिटाईजेशन मतदान केन्द्रों के बीएलए को सूची की जाएगी साझा

कलेक्टर ने कहा कि लगभग सभी मतदान केन्द्रों के शत-प्रतिशत डिजीटाईजेशन पूर्ण हो चुका है। जिन मतदान केंद्रों में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है, वहां के एएसडी मृत, अनुपस्थित, स्थानांतरित मतदाताओं की सूची बीएलओ द्वारा संबंधित दल के बूथ लेवल एजेंट बीएलए को उपलब्ध कराई जाएगी। बीएलए द्वारा सूची की जांच कर त्रुटि पाए जाने पर सुधार के लिए बीएलओ को सूचित करने कहा।

### जनप्रतिनिधियों के विवरण की पुष्टि अनिवार्य

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि व एसआईआर के तहत पूर्व एवं वर्तमान सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, जनपद, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के सदस्य, सभापति, एल्डरमेन, पार्षद, पंच, सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं उनके परिवारजनों के गणना प्रपत्र बीएलओ के पास जमा हैं या नहीं, इसकी पुष्टि दलों द्वारा अवश्य कर ली जाए। यदि किसी भी जनप्रतिनिधि या उनके परिवार के सदस्य का नाम वर्ष 2003 के रिकॉर्ड से मिलान के दौरान छूट गया हो तो तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग को सूचित करने को कहा गया, ताकि एसआर ड्राफ्ट रोल में समय पर जोड़ा जा सके।

## खबर संक्षेप



### आठ जुआरी पकड़ाए

**भिलाई।** जुआ खेल रहे आठ जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। नंदिनी थाना प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि मुखबिर ने सूचना मिला की ग्राम नंदिनी खुंदिनी किशोर साहू का खेत में जुआ चल रहा है। पुलिस सतनामी पारा नंदिनी खुंदिनी निवासी तारण दास , फुलेन्द्र जांगडे , मनोज लोधी, शीतला मंदिर के पास , ग्राम पथरिया चेतन साहू , चांदिनी चौक ग्राम संगनी छबिराम यादव, नंदिनी खुंदिनी मुकेश सोनवानी, साहू पारा ग्राम नंदिनी खुंदिनी किशोर साहू , वार्ड नगर 07 अहिवारा दीपक साहू को जुआ खेलते पकड़ा गया। जुआरियों के पास से कुल 13 हजार 70 रुपये, ताश पत्ती, 6 मोबाईल जब्त किया गया।

### अग्निवीर बने राजेश का गनियारी में स्वागत



**भिलाई।** नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा वार्ड 40, ग्राम गनियारी में युवा संगठन के द्वारा अग्निवीर सैन्य प्रशिक्षण पूरा कर लौटे राजेश साहू भव्य एवं गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान से हुआ। अग्निवीर राजेश साहू को सम्मान शाल एवं श्रीफल से अभिनंदन किया गया। भाजपा प्रवक्ता प्रेमलाल साहू ने कहा कि अग्निवीर राजेश ने अपने साहस, अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति से वह कर दिखाया है। जिसका सपना हर देशभक्त युवा देखता है। अग्निवीर योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी राष्ट्ररक्षा नीति का महत्वपूर्ण भाग है। इस दौरान जवान राजेश के माता-पिता मंजू साहू, इतवारी राम साहू समेत पूर्व नपा अध्यक्ष सीता साहू, मंडल उपाध्यक्ष रवि नाहर, ओनी महिलांग, राज कुमार साहू, गजानंद गोस्वामी, लता ठाकुर, साहू समाज गनियारी अध्यक्ष भीखम चंद साहू, विजय ठाकुर, लोकेश वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### जिला साहू संघ भिलाई नगर में चुनाव की तैयारी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू के निर्देश पर जिला साहू संघ भिलाई नगर के त्रिवार्षिक आम चुनाव 2025- 28 की तैयारी शुरू हो गई है। मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन 6 दिसंबर शनिवार को चुनाव अधिकारियों ने किया। मुख्य निवार्चन अधिकारी एचके गंगबेर व सहायक चुनाव अधिकारी पूनाराम कलिहारी बनाए गए हैं। उन्होंने कहा जिला साहू संघ भिलाई नगर के अधिनस्थ संगठन, तहसील, परिक्षेत्र, इकाई के समस्त सामाजिक पदाधिकारियों सहित सभी मतदाता प्रकाशित मतदाता सूची पर आपत्ति 7 दिसंबर को सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक कर सकते है। मतदाता सूची जिला साहू संघ भिलाई नगर के चुनाव कार्यालय स्थान साहू मित्र सभा सुपेला में चस्पा की गई है।

## आयोजन : जिले में विराट वीर मेला राजाराव पठार करेंझर में 8 से 10 दिसंबर

# राजाराव पठार वीर मेले के लिए रूट डायवर्ट, भारी वाहनों का प्रवेश निषेध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राजाराव पठार मे 08 से 10 दिसंबर तक होने वाले विराट वीर मेला राजाराव पठार करेंझर के मद्देनजर रूट डायवर्सन प्लान तैयार किया गया। मालवाहक वाहनों के लिए 08 से 10 दिसंबर तक रोड डायवर्सन होगा। धमतरी से कांकेर तक प्रातः 08 बजे से रात्रि 10 बजे तक बड़ी मालवाहक वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। वाहन मालिको, चालकों से बालोद पुलिस की अपील परिवर्तित मार्ग का उपयोग करें।

जिले में विराट वीर मेला राजाराव पठार करेंझर में 08 से 10 दिसंबर तक आयोजन में भीड़–भाड़ को देखते हुए बड़ी मालवाहक वाहनों के लिए परिवर्तित मार्ग रोड डायवर्सन चार्ट तैयार किया गया है। 08, 09, एवं 10 दिसम्बर को शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर राजाराव पठार करेंझर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 धमतरी से जगदलपुर मार्ग चारामा एवं धमतरी के मध्य जिला बालोद अंतर्गत विराट वीर मेला राजाराव पठार करेंझर में आयोजन किया जाना है। जिसमें देव मेला आदिवासी हॉट, आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा शहीद वीरनाराण सिंह की श्रद्वांजली सभा का कार्यक्रम किया जाता है। जिसमें बालोद, धमतरी, कांकेर, राजनांदगांव, मानपुर मोहला क्षेत्र के अदिवासी समाज के नागरिक, गणमान्य नागरिक, आम जनों का बड़ी संख्या में विराट वीर मेंला राजाराव पठार में सम्मिलित होने के लिए आते है।




इस मार्ग में यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए धमतरी से चारामा के मध्य तक बड़ी मालवाहक वाहनों के लिए प्रातः 08 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रवेश निषेध किया गया है। इसके स्थान पर परिवर्तित मार्ग बनाया गया है जो इस प्रकार है– रायपुर, धमतरी तरफ से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन के लिए धमतरी सिहावा चौक से डायवर्ट होकर करेगाव–कोलियारी–नगरी–सिहावा–कांकेर होते हुए कोंडागांव जगदलपुर से अपने गतव्य स्थान की ओर जाएंगे तथा जगदलपुर कोंडागांव की तरफ से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन केशकाल विश्रामपुरी चौक से–विश्रामपुरी–सिहावा–नगरी–धमतरी होते हुए रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे अथवा राजनांदगांव दुर्ग भिलाई जाने के लिए मांकड़ी चौक से भानुप्रतापुर–डौण्डी–दल्लीराजहरा–राजनांदगांव–होते हुए दुर्ग भिलाई रायपुर जाएंगे। बालोद पुलिस वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों से अपील किया गया है कि वाहन चालक परिवर्तित मार्ग का उपयोंग करे एवं यातायात व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन हेतु बालोद पुलिस का सहयोग करें।

## स्कूटी व मोटर साइकिल में भिड़ंत दो युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी ने मोटर साइकिल सवार युवको को ठोकर मारी। जिससे युवक घायल हो गए। जिसके बाद युवको के भाई ने स्कूटी चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम टिकरी थाना अर्जुन्दा निवासी अविनाश मानिकपुरी ने पुलिस को बताया कि 04 दिसंबर के शाम करीबन 06.25 बजे ग्राम भण्डेरा हथौद मोड के पास मेन रोड में मोटर साइकिल सीजी 24 एस 4772 में मेरे भाई वेदप्रकाश उर्फ गुलशन 28 वर्ष व गुलशन ठाकुर ठाकुर 23 वर्ष का सवार होकर आते समय विपरीत दिशा से आ रही स्कुटी सीजी 08 एएल 2378 के चालक ने मोटर साइकिल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे मोटर साइकिल में सवार वेदप्रकाश उर्फ गुलशन मानिकपुरी व गुलशन ठाकुर को चोंटे आया है। जिससे उपचार हेतु देवरी ले गये हैं, मेरे छोटे भाई वेदप्रकाश उर्फ गुलशन मानिकपुरी के सिर, हांथ पैर व गुलशन ठाकुर के सिर व पैर में चोंटे आया है। प्राथमिक उपचार पश्चात मेडिकल कालेज पेण्ड्री राजनांदगांव रिफर किये हैं।

## जिले में शिवसेना संगठन विस्तार को लेकर पदाधिकारियों ने तेज किया जनसंपर्क अभियान

**बालोद।** शिवसेना बालोद जिले में शिवसेना पाटएँ संगठन के विस्तार को लेकर प्रदेश संगठन महामंत्री एवं संभाग प्रभारी राजेश ठावरे, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवराम केसरवानी, कामगार सेना प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार, प्रदेश सचिव दिनेश ताम्रकार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनीष तिवारी, मोहला मानपुर जिला अध्यक्ष शोभा शंकर त्रिपाठी, बालोद जिला अध्यक्ष विजय पारख, जिला उपाध्यक्ष ललित कुमार रावत, जिला संगठन सचिव बलराम साहू, बालोद शहर अध्यक्ष जयप्रकाश चंद्राकर, शहर संगठन सचिव हेमंत शर्मा, रोशन ढीमर, हितेश पटेल, राम नारायण देवांगन, हेमंत ठाकुर, महिला सेना जिला संगठन सचिव ललिता देवांगन, दीनदयाल साहू सहित अनेको शिव सैनिक जनहित के मुद्दों को लेकर एवं संगठन के विस्तार जिले में कार्य कर रहे हैं।

## 108 कुण्डलीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों का विधायक ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


गायत्री परिवार द्वारा आयोजित 108 कुण्डलीय महायज्ञ के निरीक्षण हेतु विधायक संगीता सिन्हा कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारी के संबंध में जायजा लिया। नगर के गंजपारा स्थित गजानंद पोहा मिल मे आज 8 दिसंबर से 11 दिसंबर तक चार दिवसीय 108 कुण्डलीय गायत्री महायज्ञ के साथ विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन जिला गायत्री परिवार द्वारा किया गया है। जिसमे जिले के साथ अन्य जिलो से लोग कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए पहुंचेगे। ऐसे मे विधायक संगीता सिन्हा कार्यक्रम स्थल पहुंचकर इस बड़े कार्यक्रम की तैयारियो का जायजा लिया तथा कार्यक्रम मे मौजूद गायत्री परिवार के आयोजनकर्ताओ से विस्तृत चर्चा किया। इस दौरान जिला गायत्री परिवार के सदस्यो के द्वारा विधायक संगीता सिन्हा को कार्यक्रम स्थल की विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यक्रम के लिए बनाए गए विभिन्न स्थलो का भ्रमण कर विधायक संगीता सिन्हा को इसकी जानकारी प्रदान की। इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा ने जिला गायत्री परिवार के सदस्यो को आ"वासन देते हुए कार्यक्रम के लिए हर संभव मदद की बात कही तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन की कामना की।





## पंचों और ग्रामीणों ने सचिव को हटाने के लिए उच्च अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**बालोद।** ग्राम पंचायत कलंगपुर के पचों एवं ग्रामीण के द्वारा पंचायत सचिव को हटाने का ज्ञापन जिला कलेक्टर बालोद व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन खुशवंत साहेब, जिला पंचायत अध्यक्ष बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद अध्यक्ष गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर व जिला पंचायत सीईओ जनपद पंचायत सीईओ को दिए है। ज्ञापन मे ग्रामीणो ने आरोप लगाया है कि पंचायत सचिव विगत 8 वर्षो से ग्राम पंचायत कलगपुर में है, सचिव द्वारा उप सरपंच एवं पच एवं समस्त ग्रामीणो के प्रति दुर्व्यवहार किया जाता है, समय पर कार्यालय नहीं आता है और आने पर ग्रामीणों के प्रति उनका व्यवहार सही नहीं है, जिससे ग्रामीणो मे काफी आक्रोश है। जिस कारण पचों एवं ग्रामीणो ने सभी जनप्रतिनिधि एवं जिलाधिकारी के समक्ष अपनी गुहार लगाई हैं। इस तारतम्य में जनपद पंचायत गुण्डरदेही से सचिव के स्थानांतरण व शिकायत संबंधी जांच के लिए 8 दिसंबर सोमवार को समय 12 बजे जांच अधिकारी कलंगपुर आएगे, जहां जांच कर आगे की कार्रवाई करेगे।



## ग्राम स्वराज्य यात्रा की शुरुआत 16 सरपंच और 8 सदस्य शामिल

**बालोद।** परिवार मूलक ग्राम स्वराज्य यात्रा 05 दिसंबर को अभ्युदय संस्थान अछोटी से जिला पंचायत बालोद और मानवीय शिक्षा शोध संस्थान के तत्वावधान में प्रारंभ हुई। घर घर में सोकपिट नाली के स्थान पर निकासी जल को संग्रह करने की तकनीक, सोलर लाइट से रोशन गांव और सिंचाई पंप, घर के आसपास फलदार वृक्षों का रोपण, फार्म पौंड पीवीसी लाईनिंग के साथ, सब्जियों की खेती, व्यवस्थित आंगनबाड़ी, प्राथमिक पाठशाला, सुव्यवस्थित ग्राम पंचायत ऑफिस, सहित अनेक गतिविधियों ने सबको प्रेरित किया। गांव में लगातार मासिक मीटिंग, आपसी प्रेम और बढ़ती सामाजिकता की भावना, नशाबंदी की ओर बढ़ता, आत्मविश्वास से भरपूर किसान और महिलाएं योजना सफलता को बयां करती हैं। इस यात्रा टीम में परिवार मूलक ग्राम स्वराज्य कार्यशाला किए हुए बालोद जिला पंचायत के 16 सरपंचों के साथ अभ्युदय संस्थान अछोटी से जुड़े 8 सदस्य भी शामिल है।






## जमीन कारोबारियों ने की सांसद बघेल से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सांसद विजय बघेल को जमीन के गाइड लाइन की दर में की गई बेतहाशा मूल्य वृद्धि के सुधार लाने के लिए ज्ञापन सौपा गया है। जिसमें जमीन का व्यापार करने वाले सभी कारोबारियों ,किसान एवं आम आदमी पहुँचे से दूर हो गया है। इस दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष और कबड्डी संघ प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत बघेल, भाजपा चरोदा मंडल अध्यक्ष ए. गौरी शंकर विशेष रुप से मौजूद थे। इसमें कई बिल्डर, छोटे जमीन के कारोबारी दलाल किसान, आम आदमी जो इससे जुड़े है। इन्हे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 2025-26 की गाइड लाइन जो कि शासन द्वारा जारी की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि जमीन कारोबारियों को बचाने के लिए शासन के वृद्धि को रोक लगाने की मांग सांसद से की गई है।

## शिवपुरी में 29 से रामकथा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने पोस्टर का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास में शिवपुरी स्टेडियम जामुल स्थित राधा कृष्ण संस्कार मंच जामुल द्वारा आयोजित दिव्य-भव्य राम कथा महोत्सव के आमंत्रण पत्र एवं वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। कैलेंडर पर अंकित रामलला की तेजोमय छवि निहारकर मुख्यमंत्री ने गहन श्रद्धा व्यक्त की। इस आयोजन को छत्तीसगढ़ की सनातन परंपरा,सांस्कृतिक गरिमा व आध्यात्मिक चेतना का अनुपम उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि कैलेंडर विमोचन के साथ यह आयोजन आधिकारिक रूप से जन–जन तक पहुँचने वाले भक्ति–संस्कृति के विराट अभियान में परिवर्तित हो गया है। नौ दिवसीय राम कथा 29 दिसंबर से 6 जनवरी 2026 तक अयोध्या धाम के जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी डॉ. राघवाचार्य की पावन वाणी से आयोजित है। इस दौरान राम कथा आमंत्रण पत्र एवं वार्षिक कैलेंडर विमोचन समारोह में संयोजक ईश्वर उपाध्याय, जोगेश्वर मल सोनी, उमेश निर्मलकर, नेत राम साहू, जितेंद्र साहू, इंद्रजीत उपाध्याय, वैभव उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।



## डायरेक्टर इंचार्ज से मिले देवेंद्र, रिटेंशन स्कीम से आवंटित आवास को लेकर चर्चा

**भिलाई।** भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव ने शनिवार को बीएसपी डायरेक्टर इंचार्च सीआर महापात्र से मुलाकात की। विधायक देवेंद्र यादव ने बताया कि जिस तरीके ने बीएसपी द्वारा टाउनशिप के रिटेंशन स्कीम के तहत निवासरत आमजन को नोटिस देकर घर के किराए में वृद्धि की जा रही है वो अमानवीय है। प्रबंधन को इस विषय में पुनः संज्ञान लेना चाहिए और इस पर रोक लगानी चाहिए। साथ ही प्रभावितों के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात कर इस पर निर्णय लेना चाहिए।

## पेज 9 के शेष

### दो परिवार में ...

शर्मा, काजल उर्फ श्रुति शर्मा, श्रेयांश शर्मा सभी गाली गलौज कर मुझे बाल पकडकर मुझे जमीन मे गिरा दी और हाथ मुक्का, लात से मारपीट करने लगे तथा मेरे पति बीच बचाव करने आये तो उसको भी गिरा कर हाथ मुक्का लात से मारपीट किये हैं मारपीट करने से मेरे सिर, सीना, पेट, कंधा में चोंट आया है एवं पूरे शरीर में दर्द हो रहा है तथा मेरे पति को बिंडींग मटेरियर से मारने से के पैर तथा गला, पीठ, उंगली में चोट लगा है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने चार लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सुने मकान में सोनो ...

दरवाजा टेड़ा हो गया था, आलमारी मे रखे बैग का ताला भी टुटा हुआ था, बैग के अंदर रखे पेटी नही था, पेटी मे रखे गले का माला, जिसमे सोने का सात लॉकेट मोती लगा हुआ, चांदी का पायल एक जोड़ी, एक नग पुरानी इस्तेमाली सोने का छोटा लॉकेट, एक जोड़ी पुरानी इस्तेमाली चांदी का चुड़ा, नगदी रकम 40 हजार रूपया नहीं था। कोई अज्ञात चोर 04 दिसंबर के शाम करीबन 07 बजे से 05 दिसंबर के सुबह 08 बजे के मध्य घर का दरवाजा तोड़कर आलमारी के अंदर सूटकेश मे रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम को चोरी कर ले गया है।

### ट्रैक्टर की ठोकर से मोटर ...

एक्सीडेंट से मुझे बाये हाथ में तथा बाये पैर व घुटना में चोट आया है तथा मेरी बेटी परी गजभिये के बाये हाथ में चोट लगा है।

### धनेली में एनएसएस शिविर ...

स्वयं सेवक खेमचंद, अनिल, जितेंद्र, खिलेश्वर, दिग्विजय, संजय, डोमेंद्र, ताराचंद, धनंजय, पार्वती, गरिमा, लालिमा, दीप्ति, का विशेष योगदान रहा। समापन कार्यक्रम के अवसर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, स्वयं सेवक, वरिष्ठ स्वयं सेवक महाविद्यालय के प्राध्यापक और स्टॉफ उपस्थित थे।

## कैट और स्टील सिटी चेंबर ने की मांग, जल्द प्रबंधन से मिलेंगे प्रतिनिधि

# टाउनशिप का भू हस्तातंरण राज्य शासन को हो तभी बिजली व्यवस्था दें, नहीं तो हजारों कर्मियों के साथ अन्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कैट व भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कामर्स ने मांग की है कि छत्तीसगढ़ शासन को विद्युत व्यवस्था हस्तांतरित करने के पूर्व भिलाई टाउनशिप की संपूर्ण भूमि जिसमें मकान और दुकान का क्षेत्र है ,राज्य शासन से चर्चा कर भिलाई इस्पात संयंत्र सौंप दे। शहर की कुछ अच्छी व्यवस्थाओं को बर्बाद करके देने से ज्यादा अच्छा है यह समय रहते सौप देना चाहिए। उनका कहना है कि विद्युत हस्तांतरण की वर्तमान प्रक्रिया लंबी चलेगी। क्योंकि भिलाई इस्पात संयंत्र और विद्युत मंडल मध्य ऐसा कोई भी विधि संबंध फैसला भी नहीं हुआ है। आयोग की दूसरी सुनवाई 6 फरवरी को प्रस्तावित है। जहां विद्युत मंडल उपरोक्त संदर्भ में उनके बोर्ड आफ डायरेक्टर द्वारा इस अवधि में क्या निर्णय लेता है उस जानकारी से आयोग को अवगत कराएंगे ।

- टाउनशिप की व्यवस्था हो रही बर्बाद

### प्राधिकरण के अधिशासी निर्देशक को संगठन ने दिया प्रस्ताव

भारतीय इस्पात प्राधिकरण और भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारी,स्वयं सार्वजनिक चर्चाओं में प्रेस मीडिया को कहते भी हैं कि धीरे-धीरे हम अपना कार्य क्षेत्र समेट रहे हैं। फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने इस आशय का प्रस्ताव भारतीय इस्पात प्राधिकरण के अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन के के सिंह को दिया है। जैन ने कहा है कि 4 दिसंबर को भिलाई इस्पात संयंत्र ने विद्युत नियामक आयोग के समक्ष अपने दिए गए प्रस्ताव पर कहा था कि हम भिलाई टाउनशिप की संपूर्ण विद्युत व्यवस्था राज्य शासन को सौंपने की तैयारी में है। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हम विद्युत व्यवस्था अपने शर्तों पर लेना चाहेंगे। क्योंकि एक बड़े शहर के उपभोक्ताओं को राहत देना और सुव्यवस्थित विद्युत का संचालन हमारी पहली जिम्मेदारी होगी।

### नियामक आयोग के समक्ष लगाई आपत्ति

विद्युत नियामक आयोग में उपभोक्ता की हैसियत से अपनी आपत्ति दर्ज कर आम उपभोक्ताओं के विचारों को सुनने के लिए आयोग के समक्ष कैट एवं स्टील सिटी चैंबर ने अनेक बिंदुओं पर आपत्ति दर्ज कराई है। हालांकि अभी राज्य शासन के जनप्रतिनिधियों उनके अधिकारियों और भिलाई इस्पात संयंत्र के मध्य विद्युत हस्तांतरण को लेकर हो रही चर्चा में है और एक दूसरे को अपने विचार आदान-प्रदान कर रहे हैं। विधि संम्मत कोई भी प्रयास विद्युत मंडल के संज्ञान में नहीं है। भिलाई इस्पात संयंत्र के टाउन इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट के द्वारा आयोग में दर्ज कराई गई है। इस याचिका में अनेक बिंदु ऐसे हैं इस पर यदि आयोग ने अनुमति दे दी तो शहर अंधकार में डूबा नजर आएगा। इन्ही विषयों को आधार बनाकर विभिन्न संस्था संगठनों के प्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष अनेक आपत्ति दर्ज कराई है।

### बिजली खपत पर मिले तत्काल छूट

कैट व भिलाई स्टील सिटी ऑफ कामर्स ने कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा विद्युत खपत पर दी जाने वाली छूट का लाभ शहर के उपभोक्ताओं को तत्काल दिया जाए। केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत सौर ऊर्जा एवं अन्य सुविधाओं को एक सरल प्रक्रिया के तहत उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाना चाहिए।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### विकासखंड स्तरीय नवोदय मॉक टेस्ट परीक्षा 10 को

**डौंडीलोहारा।** बीईओ डौंडी लोहारा हिमांशु मिश्रा व एबीईओ एके साहू के मार्गदर्शन व सभी संकुल समन्वयक के सहयोग से दिनांक 10 दिसंबर दिन बुधवार को विकासखण्ड स्तरीय नवोदय मेगा मॉक टेस्ट परीक्षा 2025-26 का आयोजन डौंडी लोहारा, मंगचुवा, देवरी, दुधली, जेवरतला (रोड़) कुल 5 जोन में किया जाएगा। पिछले वर्ष भी बीईओ डौंडी लोहारा के मार्गदर्शन में प्रयास परीक्षा हेतु विकासखंड स्तरीय मेगा मॉक टेस्ट का सफल आयोजन किया गया था।

### अपनी मांगों को लेकर जंतर-मंतर में 17 को शिवसेना का धरना प्रदर्शन



**बालोद।** शिवसेना से द्वारा हिन्दू राष्ट्र गौ हत्या बंद करने दंतेवाड़ा से राजधानी रायपुर तक हिन्दू राष्ट्र मोर्चा के आयोजन के बाद अब दिल्ली जंतर मंतर में 17 दिल्ली में प्रदर्शन की जाएगी, कार्यक्रम में जिले के बढ़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। शिव सेना प्रदेश सचिव सचिव शंकर चौनानी कहा कि शिव सेना द्वारा हिन्दू राष्ट्र की मांग एवं गौ हत्या बंद करने, गौमाता को राज माता घोषित करने, गांव गांव में स्थित गौठान को गौशाला बना कर दो कर्मचारी नियुक्त कर धुमंतु गौ वंश को रखने, पूरे प्रदेश में लाखों की संख्या में महा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है, दंतेवाड़ा से रायपुर तक 4 दिवसीय हिन्दू राष्ट्र मोर्चा के सफल आयोजन के बाद अब 17 दिसंबर को दिल्ली के जंतर–मंतर महा धरना का आयोजन किया जा रहा है। चैनानी ने बताया कि दुर्ग संभाग अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष शिव राम केसरवानी, प्रदेश संगठन राजेश ठावरे, प्रदेश सचिव शंकर चौनानी, प्रदेश सचिव कमल सोनी, दिनेश ताम्रकार, मनीष तिवारी के नेतृत्व में संभाग के बढ़ी संख्या में शिव सैनिक भाग लेंगे।

### जर्जर पानी टंकी में फंसे युवक को सुरक्षित निकाला



**भिलाई।** जर्जर पानी टंकी में फंसे दो युवकों को एसडीआरएफ टीम की मदद से पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाला है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि सेक्टर 6 स्थित जर्जर पानी टंकी है। पुलिस को सूचना मिली कि जर्जर पानी टंकी के उपर दो युवक चढ़े हुए है। टंकी से उतरते समय सीढ़ी के टूट जाने से एक युवक गिरकर घायल हो गया है। दूसरा टंकी में फंसा हुआ था। मौके पर भिलाई नगर पुलिस एवं डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। तुरंत घायल एलआईजी 76 कैलाश नगर जामुल निवासी अक्षत कुमार प्रसाद को अस्पताल पहुंचाया। जिसे शरीर के हाथ, पैर में गंभीर चोंट आई है। सूचना पुलिस ने परिजनों को दिया। टंकी में फंसे मैत्रीकुंज रिसाली (पीजी) सुमित भगत को एसडीआरएफ दुर्ग की टीम बुलाकर रेसक्यु कर सुरक्षरित उतारा गया। घटना के संके बारे में पुलिस पूछताछ कर जांच की जा रही है।

**प्रवचन :** नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व मंत्री सहित विधायक गण शामिल हुए

# श्रीमद भागवत पुराण जीवन का दर्पण है : संत श्री निरंजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पाऊवारा में आयोजित किए जा रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पंचम दिवस की कथा मे' गजेन्द्र मोक्ष कथा प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कथा वाचक संत श्री निरंजन महाराज कहा की गज की कथा मोहासक्त जीव की कथा है। भगवत प्राप्ति का सम्पूर्ण अधिकार मानव' शरीर को प्राप्त है। जीव ही वह गजेंद्र है संसार में सुख की कल्पना करते हुए प्रत्येक मनुष्य सारा जीवन घर परिवार के पोषण मे व्यतीत करते हुए अपना मूल उद्देश्य को भूल जाता है। मोह में पड़कर परमात्मा को भूलना विपत्ति को आमंत्रित करना है। आगे कथा में महाराज संत निरंजन जी कहा की सत चिन्तन छोड़कर असत संसार मे सुख की कल्पना करते हुए जीवात्मा भटक जाता है। जगत की चिन्तन जीव को फंसाता है और जगदीश चिन्तन आनन्द से भर देता है। पूर्व जन्म का राजा इन्द्र धुम्न अगस्त्य ऋषि के श्राप से हाथी का शरीर धारण किया। पूर्व जन्म के भागवत भक्त होने के कारण हाथी के शरीर पाकर ही हाथियों का राजा बन गया। संसार के सारे रिश्ते स्वार्थ के होते है स्वार्थ वश एक दूसरे से प्रेम करते है। सच्चा प्रेम तो सिर्फ परमात्मा से ही होता है। जीवन में विपप्ति तब आती है जब धन, बल, जन,बल पद और प्रतिष्ठा के फेर में पड़कर अपने आप को बाहुबली समझ बैठता है। जीव जब निर्बल होकर ईश्वर को आतिभाव से पुकारता है उसी समय भगवान जी के रक्षा के लिए दौड़ कर आते हैं। विपत्ति के समय ही सारे सम्बन्धो की परीक्षा होती है। जीव को जब-तक अपने बल का अहंकार रहता है। तब तक ईश्वर कृपा प्राप्त नहीं कर सकता। प्रत्येक जीव मात्र का रक्षक ईश्वर है। सांसारिक मोह से मुक्त होकर ही परमात्मा परमात्मा का चिन्तन करते हुए आनन्दित जीवन व्यतीत कर सकते है।



### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर नेता प्रतिपक्ष छतीसगढ़ शासन चरण दास महंत, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, विधायक धमतरी ओमकार साहू, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, पूर्व विधायक गुंडरदेही बिरेन्द्र साहू, पूर्व विधायक कुरुद लेखराम साहू, पूर्व विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा,पूर्व विधायक कवर्धा डॉ सियाराम साहू, पूर्व विधायक नवागढ़ गुरु दयाल सिंह, पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्रकार,पूर्व अध्यक्ष साहू दुग्ध संघ विपिन साहू,पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग थानेश्वर साहू,अध्यक्ष केश हस्त शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन,श्रीमती रागनी साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजकुमारी दीवान, जनपद अध्यक्ष लिमन साहू,राजेश शर्मा,कामधेनु विश्विधालय डॉ दिलीप चौधरी,इंद्रजीत छोटू सिंह,पूर्व विधायक अवदेश चंदेल फ़िल्म बोर्ड अध्यक्ष मोना सेन,जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू,जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी अध्यक्ष तारनी चन्द्रकार, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव, पूर्व अध्यक्ष जनपद दुर्ग मोहन हरमुख,पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत अशोक साहू,सुरेंद्र तिवारी, जावेद खान, विजय बघेल, पूर्व महापौर नीता लोधी, अतुल साहू, इरफ़ान खान, बाबू जैन, विनोद गुप्ता सहित हजारों की संख्या में श्रोता समाज एवं समस्त आयोजन कर्ता व समस्त ग्रामवासी पाऊवारा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पौधारोपण, स्वच्छता व प्लास्टिक-मुक्त आयोजन पर बल

# गायत्री शक्तिपीठ में 108 कुंडीय महायज्ञ को लेकर अपर कलेक्टर की गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर में होने वाले 108 कुंडलीय गायत्री महा यज्ञ के संबंध में चर्चा करने अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने गायत्री शक्तिपीठ में गोष्ठी लिया।

उन्होंने इस यज्ञ में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का सुझाव दिए, उन्होंने कहा कि प्लास्टिक पर्यावरण और गौ माता के लिए अभिशाप है इसका उपयोग न करे, खुद समझे और बच्चो को भी सिखाए, पर्यावरण में असंतुलन बढ़ने से मानव जीवन पर खतरा संभावित है।

इसके संतुलन के लिए गायत्री परिवार अधिक से अधिक पौधारोपण करे, यज्ञ में स्वच्छता और पेयजल व्यवस्था सु–ढ़ बनाए रखे, आधुनिकता के चक्कर में स्वयं और बच्चो न पड़ने दे, भारतीय संस्—ति ही सर्वोत्तम है, सृष्टि से पर्यावरण और पर्यावरण से हर जीव सुरक्षित रहता है, सृष्टि के नियम को भगवान भी मानते है, वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से हमें कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि हमारे माता पिता गायत्री परिवार से जुड़े है, बचपन में लगाए नारे को सुनाया और कहा कि हम बदलेंगे युग बदलेगा, हम सुधरेंगे युग बदलेगा नर नारी एक समान जातीवंश सब एक समान देश की रक्षा कौन करेगा हम करेंगे ये विचार सदगुरू आचार्य पंडित श्री राम शर्मा का है जो बेहद प्रासंगिक है।

उल्लेखनीय है कि इस महा यज्ञ में 1100 से अधिक गर्भवती महिलाओं का गर्भ पुंसवन संस्कार होने जा रहा है के मुख्य सूत्रधार और मार्गदर्शन कौशिक ही है, जो अब तक का बड़ा अभियान हो सकता है। यज्ञ स्थल का निरीक्षण कर और जो मार्ग दर्शन देगे उसका पालन गायत्री परिवार करेगी। जिला उप समन्वयक दशरथ कलिहारी ने कहा कि कौशिक का सहयोग सदा यादगार रहेगा, उन्हें यज्ञ में सम्मिलित होने आमंत्रण दिया और यज्ञ को प्लास्टिक मुक्त रखने का वादा भी किया इस अवधि में बहुत से गायत्री परिवार उपस्थित थे।





# शाला मड़ियाकट्टा के प्राचार्य दयालूराम ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

विकास खण्ड के संकुल केन्द्र बगईकोन्हा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मड़ियाकट्टा के राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने शासकीय हाई स्कूल संबलपुर में प्राचार्य पद पर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। नए प्राचार्य के कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर शाला स्टाफ और छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल दिखा। शासकीय हाई स्कूल संबलपुर के शाला स्टाफ तथा कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्र-छात्राओं ने नए प्राचार्य दयालूराम पिकेश्वर का गर्मजोशी से स्वागत किया। विद्यार्थियों ने उन्हें तिलक लगाकर और गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया।





### प्राचार्य ने दिया सर्वांगीण विकास का आश्वासन

इस अवसर पर प्राचार्य दयालूराम पिकेश्वर ने शाला परिवार और छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने उपस्थित सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे शाला के सर्वांगीण विकास और बच्चों के हित में हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने सभी बच्चों को अपनी पढ़ाई के प्रति विशेष ध्यान देने की बात कहते हुए प्रेरित किया। इस सम्मान समारोह में वरिष्ठ व्याख्याता वाय.पी.आर्य, व्याख्याता प्रीति साहू, रीता चौरसिया, आर.के.यादव, मनीषा बेर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सामाजिक समरसता एवं नवजागरण पर विचार गोष्ठी हुई

## अंधविश्वास व सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जन जागृति एवं सामाजिक चेतना हेतु सामाजिक विचार गोष्ठी नवजागरण व आर्थिक समृद्धि सामाजिक समरसता, समानता का लक्ष्य विषय पर कर सारगर्भित चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा भूख लगना प्रकृति है, बाटकर खाना संस्कृति है, छीन कर खाना विकृति है।

मानवता की रक्षा सद्भावना से होती है, जाति भेद भूल कर राष्ट्र निर्माण के लिए सभी को एकजुट होना चाहिए। सेवानिवृत्ति कमिश्नर जीआर चुरेंद्र ने कहा कि छत्तीसगढ़ के गरीब व्यक्ति शादी विवाह जैसे रस्मों में फिजूल खचएँ करते हैं, जिससे खेत बेचना पड़ता है, ऐसी बुराइयों से बचना होगा। मैंने पद में रहते अनेकों जोड़ों का सामूहिक विवाह निःशुल्क करवाया है, ऐसे अच्छाई को अपनाना चाहिए। समरसता पर विचार रखते हुए साहित्यकार केशव राम साहू ने गुरु घासीदास बाबा के मनखे–मनखे एक समान के मूल मंत्र अपनाते हुए आपसी प्रेम सद्भाव की बात कही। धनाराम ठाकुर ने कहा कि आर्थिक समृद्धि जीवन का आधार है ,नशा पान मनुष्य का बड़ा दुश्मन है, इसे पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है, जो गलत संगति के कारण होता है। मुकेश शर्मा ने कहा बुराइयों से लड़ने के लिए शिक्षा आवश्यक है, अंधविश्वास, रूढ़िपरंपरा हमारे जीवन के विकास में बाधक है। उक्त विचार गोष्ठी का उद्देश्य अंधविश्वास, रूढी परंपरा, नशा पान आदि बुराइयों से लड़कर योग, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति के लिए मानव को प्रेरित करना है। मुख्य रूप से इस गोष्ठी में सलीम खान, संजय दास, भूवन लाल सिन्हा, दिनेश उर्वसा, संतोष घराना, तिलक मानकर, शोभाराम कोमा, घेवर यादव उपस्थित थे।



# खेत से 226 बंडल धान की चोरी, आरोपी से पूछताछ हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

ग्राम देवगहन में 70 डिसमिल खेत में बोए धान की फसल की कटाई उपरांत लगभग 226 भारा बंडल रात के अंधेरे में खेत से गायब हो गया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अर्जुंदा थाना में शिकायत की है। किसान लोकेंद्र साहू ने थाने में न्याय की गुहार लगाया।

थाना अर्जुंदा क्षेत्र के ग्राम देवगहन में बिती रात 70 डिसमिल खेत में धान कटाई के उपरांत रखें लगभग 226 भारा बंडल रात के अंधेरे में चोरी हो गया, जिसकी शिकायत थाना अर्जुंदा में किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अनुविभागीय दंडाधिकारी गुण्डरदेही के पारित आदेश 3 दिसंबर के अनुसार ग्राम देवगहन तहसील अर्जुंदा के किसान लोकेंद्र साहू द्वारा खसरा नंबर 27/1 के पूर्व भाग 70 डिसमिल पर अपने द्वारा लगाए गए धान फसल की कटाई करवाई गई थी। जिसे अनावेदक खुबलाल यदु पिता गंगाप्रसाद राधाबाई पति संजू ग्राम देवगहन द्वारा अपने परिवार के महिला सदस्यों बच्चों को भेज कर मजदूरों को धमका कर खेत से बाहर भगा दिया गया था, जिसकी शिकायत लोकेंद्र साहू द्वारा थाना अर्जुंदा में 4 दिसंब को की गई थी थाना प्रभारी द्वारा थाना से बल भेज कर मौके का निरीक्षण करवाया गया तथा उन्हें आदेशित किया गया कि धान की चोरी नहीं होनी चाहिए, राजस्व की टीम आने के पश्चात निराकरण की जाएगी किंतु 6 दिसंबर 2025 के रात कटे हुए धान फसल कस्तूरी गोल्ड के लगभग 226 भारा रात्रि में ही गायब कर दिया गया। जिसकी चोरी की शिकायत किसान लोकेंद्र साहू ग्राम देवगहन द्वारा 7 दिसंबर 2025 को थाना अर्जुंदा पर पहुंचकर थाना प्रभारी से की गई एवं खूब लाल यदु, राधाबाई देवकी भाई मिथलेश साहू, उमेश निषाद, गोवर्धन निषाद, भीषम मंडावी एवं अन्य लोगों पर धान चोरी करने का संदेह आरोप लगाया। जिसके तहत थाना प्रभारी द्वारा इन लोगों को थाना बुलवाकर पूछताछ की गई। जिसमें खूब लाल यदु पिता गंगा प्रसाद, राधाबाई पति संजू ने धान के फसल को अपने ट्रैक्टर से उठाकर लाने की बात स्वीकार की एवं बियारा में रखे जाने की बात कही। किसान लोकेंद्र साहू ने थाना प्रभारी अर्जुंदा से अपने मेहनत की कमाई धान 226 भारा जो लगभग 16 क्विंटल के आसपास होने की संभावना है। जिसकी राशि 50 हजार रुपए तक का है। जिसको सुरक्षित रखने एवं लौटाने का निवेदन किया है। थाना प्रभारी जोगेंद्र साहू ने कहा आगामी प्रक्रिया में राजस्व के अधिकारियों पटवारी एवं अनुभागी दंडाधिकारी से संपर्क कर उनके निर्देश अनुसार कार्रवाई की जाएगी।





### मकान का ताला टूटा जेवरात और नकदी पार

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात व नगदी पार करने के मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि चालक अशोक बंजारे समेत परिवार के सभी लोग काम पर निकल जाते है। 4 दिसंबर की सुबह अज्ञात ने मकान का ताला तोड़कर मकान के तीनों आलमारी से सोना चांदी के जेवरात पार कर दिया। सभी काम से घर लौटने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। मकान के भीतर प्रवेश करते ही देखा सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। सोना चांदी के जेवरात व नगद 22 हजार रुपए मकान से गायब मिला।




राष्ट्र-शौर्य समृद्धि 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

# अंजोरा में गायत्री परिजनों ने निकाली विराट बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंजोरा (ख) में आगामी राष्ट्र–शौर्य समृद्धि 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां चरम उत्कर्ष पर हैं। इसी पावन ऊर्जा के साथ रविवार को एक भव्य एवं विराट बाइक रैली निकाली गई, जिसने क्षेत्र भर में आध्यात्मिक जागरण, राष्ट्रभावना और संस्कारों का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

रैली में सम्मिलित सैकड़ों युवा एवं गायत्री परिजनों ने अनुशासन, उत्साह और समर्पण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रत्येक वाहन पर लगाए गए हैंडमेड संदेश-पट्टिकाओं ने सुरक्षित यातायात, सामाजिक जागरूकता और सभ्य नागरिकता का श्रेष्ठ संदेश प्रसारित किया। यह रैली विभिन्न गांवों से गुजरते हुए जब-जब पहुंची, तब-तब ग्रामीणों ने उत्साहपूर्ण स्वागत कर अपने सहयोग और श्रद्धा का परिचय दिया। जगह-जगह पुष्पवर्षा, तिलक-अभिनंदन और आत्मीय मुस्कानों ने इस यात्रा को और अधिक प्रभावशाली बनाया। रैली के भव्य स्वरूप, अनुशासित संचालन और आध्यात्मिक गरिमा ने इसे अत्यंत आकर्षक, दर्शनीय एवं प्रेरणादायी बना दिया।

कार्यक्रम संयोजकों ने इसे महायज्ञ की सफल तैयारी का महत्वपूर्ण अध्याय बताते हुए सभी ग्रामवासियों के सहयोग हेतु कृतज्ञता व्यक्त की। इस विराट बाइक रैली ने अंजोरा क्षेत्र में महायज्ञ के प्रति उत्साह, श्रद्धा और राष्ट्रसेवा की अलख को प्रखर रूप से प्रज्वलित कर दिया है।



